1612. उत्तर-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय स्थित है-

(a) जोधपुर (b) अजमेर
(c) भरतपुर (d) जयपुर

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (d) उत्तर-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय राजस्थान के जयपुर में स्थित है। इसका गठन 1 अक्टूबर 2002 को किया गया। उत्तर एवं पश्चिम रेलवे प्रत्येक से दो-दो रेलवे मंडल लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे जोन की स्थापना की गयी। उत्तर पश्चिम रेलवे जोन के अंतर्गत 4 रेलवे मण्डल हैं- जयपुर, अजमेर, बीकानेर तथा जोधपुर।

1613. राजस्थान का वह राष्ट्रीय राजमार्ग जो एक जिले में सीमित है-

(a) 11A (b) 79A
(c) 76B (d) 3A

Patwar Pre Exam 13.02.2016

Ans. (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79A राजस्थान का वह राष्ट्रीय राजमार्ग है जो सिर्फ एक जिले तक सीमित है। यह अजमेर जिले के किशनगढ़ से नसीराबाद तक है। इसकी लम्बाई 35 किमी. है। राजस्थान राज्य में सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग NH15 (878 किमी.) है जबकि सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH 919 (5 किमी.) है।

1614. जयपुर से आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग -11 का नया नम्बर क्या है?

(a) एन.एच.-12 (b) एन.एच.-48
(c) एन.एच.-21 (d) एन.एच.-76

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) राष्ट्रीय राजमार्ग-11 का नया नम्बर NH-21 हो गया है। यह मार्ग आगरा से भरतपुर, दौसा, जयपुर, सीकर होते हुए बीकानेर तक जाता है। इसकी लम्बाई राजस्थान में 200 किलोमीटर है।

1615. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम,1994 की किस धारा को ग्राम सेवक के स्थान पर ग्राम विकास अधिकारी प्रतिस्थापित करने के लिए संशोधित किया गया है?

(a) 91 (b) 89
(c) 92 (d) 88

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (b) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 89 को ग्राम सेवक के स्थान पर ग्राम विकास अधिकारी को प्रतिस्थापित करने के लिए संशोधित किया गया है। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 89 राजस्थान पंचायत समिति और जिला परिषद सेवा के गठन का प्रावधान करती है।

1616. राजस्थान का वह राष्ट्रीय राजमार्ग जो स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर दोनों का हिस्सा है-

(a) NH-8 (b) NH-76
(c) NH-79 (d) NH-15

Jen Mechanical degree-2016
Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (b) राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग-76, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर दोनों का हिस्सा है। **स्वर्णिम चतुर्भुज योजना-** राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजना से सम्बन्धित है। इस योजना का उद्देश्य प्रमुख शहरों और बंदरगाहों के बीच तेजी से परिवहन नेटवर्क को स्थापित करना और छोटे शहरों का बाजारों तक पहुँच सुनिश्चित करना है। यह राजस्थान के 7 जिलों सिरोही, उदयपुर, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी और बारां से गुजरता है।

1617. राज्य में सड़कों के विकास के लिए राज्य सरकार की दीर्घावधिक योजना है-

(a) राजस्थान रोड़ विजन-2010
(b) राजस्थान रोड़ मास्टर प्लान-2025
(c) राजस्थान रोड़ मास्टर प्लान-2021
(d) राजस्थान रोड विजन-2025

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (d) राजस्थान राज्य में सड़क तंत्र के कायाकल्प के लिए राजस्थान रोड विजन 2025, जुलाई, 2000 में राज्य सरकार द्वारा लांच की गई। 9 खरब रूपये की इस दीर्घकालिक योजना का 41% सड़क सुरक्षा एवं रख-रखाव के लिए निर्धारित किया गया है।वर्ष 2015 तक सभी गाँवों को सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य तथा अगले 10 वर्ष, 2015–2025 तक फ्लाईओवर, फोरलेन तथा एक्सप्रेस-वे बनाने पर केन्द्रित रहेगा।

1618. जिन नगर समुच्चय से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 गुजरता है, वह है-

(a) बीकानेर, जयपुर, जोधपुर
(b) अलवर, जयपुर, अजमेर
(c) उदयपुर, कोटा, बूंदी
(d) धौलपुर, अलवर, दौसा

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 भारत की राजधानी दिल्ली को वित्तीय राजधानी मुम्बई से जोड़ता है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र होते हुये गुजरात के आनंद और खेड़ा को जोड़ता है। इसकी कुल लम्बाई, 1428 किमी. है। वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या के अनुसार यह एन.एच. 48 का हिस्सा बन गया है।

1619. राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर सड़कों की लम्बाई कितनी है-

(a) 56 किमी. (b) 50 किमी.
(c) 60 किमी. (d) 79 किमी.

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (d) 31 मार्च 2021 तक के प्राप्त नवीनतम् आकड़ों के अनुसार राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर सड़कों का घनत्व 79.76 किमी. प्रति 100 वर्ग किमी है।

1620. राजस्थान से गुजरने वाले निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान भू-भाग में सर्वाधिक लम्बा है-

(a) NH-11 (b) NH-12
(c) NH-15 (d) NH-

लवण निरीक्षक (उद्योग) परीक्षा- 2018
Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016